हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



NABH Certified

एक एहसास अपनेपन का...
# स्पर्श
## मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

24x7 EMERGENCY SERVICES

हरिभूमि 24th Years Anniversary



डॉ. दीपक वर्मा
डायरेक्टर
आर्थोपेडिक सर्जन

## आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत अब पुनः इलाज की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस (CGHS) दर पर इलाज हेतु मान्यता प्राप्त



डॉ. संजय गोयल
डायरेक्टर
एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट

### हमारे प्रमुख कॉरपोरेट सहयोगी जिनके कर्मचारियों एवं आश्रितों के लिए उपलब्ध है कैशलेस उपचार की सुविधा

Indian Railway | Chhattisgarh State Power Companies | State Bank of India | Bank of Baroda | NSPCL | NTPC Ltd. | Coal India Limited

IIT Bhilai | Life Insurance Corporation of India (LIC) | NMDC Ltd | Airport Authority of India | Food Corporation of India | Hindustan Coper Limited (HCL) | Power Gird Corporation of India Ltd. | Reliance Industries | ACC Cement (Adani Group) | Bharat Earh Movers Ltd

कर्मचारी राज्य बीमा निगम Employee's State Insurance Corporation | Bhilai Engineering Corporation Ltd. | Indian Boiler Group | Jaiswal Necco | Engineering Project Ltd. | Vossloh Beekay | Rites Ltd. | Siemens | Vishwa Vishal Engineering | SISCOL

### प्रमुख इंश्योरेंस एवं टीपीए कम्पनीज

MD India | Vidal Health | Medi Assist | Star Health Insurance | ICICI Lombard | Health Insurance TPA of India Ltd. | Care Health Insurance | FHPL | HDFC ERGO | Paramount Health

Reliance General Insurance | Aditya Birla Health | SBI General | Ericson | Medvantage | Genins India Insurance TPA Ltd. | Rothshield | MedSave India | Volo Insurance | HealthIndia

Reliance Health Insurance | Heritage Health | GHS | Galaxy Health Insurance | Good Health TPA | Focus tpa | Bajaj Allianz | Chola MS | Manipal Cigna | Future Generali

Raksha Health Insurance TPA | IFFCO-TOKIO | Liberty Insurance | TATA AIG Insurance | Universal Sompo General Insurance Co. Ltd. | navi Health Insurance | digit Insurance | Vipul MedCorp TPA Pvt Ltd. | Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd. | Link-K Insurance TPA Pvt Ltd.

## स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, राम नगर, सुपेला, भिलाई

www.sparshbhilai.com corporate@sparshbhilai.com 0788 4252222, 72250 59701

CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

SCAN FOR MORE DETAILS

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### श्वेता दुबे को रसायन शास्त्र में मिली पीएचडी की उपाधि

**अंडा।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्हीं में से दुर्ग की शिक्षिका डॉ. श्वेता दुबे को रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। उनका शोध विषय "नालिसिस ऑफ सोयल क्वालिटी इन रसमडा इंडस्ट्रीयल एरिया, दुर्ग, छत्तीसगढ़ रहा, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण करने में उनकी गाइड एवं सुपरवाइज़र डॉ. प्रतिभा एस. कुरूप का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। वर्तमान में डॉ. श्वेता दुबे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, पीसेगांव में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं तथा ग्रामीण शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं और अपनी स्कूली एवं उच्च शिक्षा के दौरान प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करती रही हैं।

### सुपेला अस्पताल में की गई कैंसर की जांच

**भिलाई।** लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट की गई। रिपोर्ट आने के बाद मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।
एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए बालको मेडिकल सेंटर रायपुर द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. पलक अग्रवाल कैंसर सर्जन बालको और उनकी टीम के सहयोग से मुख्य रूप से मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रिवा का कैंसर की लक्षण की पहचान करते हुए मेमोग्राफी, पैपस्मियर की वैन में 45 लोगों क़ी जांच की गई।डॉ. पलक अग्रवाल ने बताया कि लाल बहादुर अस्पताल में मरीजों की काफी संख्या है। यहां संभावित मरीज मिले जिनकी जांच की गई। इनका रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच व इलाज के लिए बालको में शासन की योजनाओं द्वारा मुफ्त इलाज किया जाएगा।

## निधन

### श्यामबाई भारद्वाज



**बालोद।** ग्राम करहीभदर परेंगुड़ा निवासी श्यामबाई भारद्वाज का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष और नंदझरुखा व भूतपूर्व जनपद सदस्य बालोद संतोषी हरिश्चंद्र श्रीवास की माताजी थी।

### बिरेन्द चंद्राकर



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा निवासी बिरेन्द चंद्राकर 58 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय तांदुला तट पर किया गया।

**मांग : वनोपज मूल्य संवर्धन इकाई स्थापना का प्रस्ताव, उपाध्यक्ष ने दिया आश्वासन**

# लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष से प्रतिनिध मंडल ने मूल्य संवर्धन इकाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- लघु वनोपज के माध्यम से संग्राहक परिवारों की आजीविका सुदृढ़ करने पर चर्चा

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा से प्राथमिक वन उपज सहकारी समितियों के अध्यक्ष संघ बालोद अध्यक्ष लोचन सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। बालोद जिले में प्राथमिक लघु वनोपज समिति में कुल 17 समिति है।

इस अवसर पर प्राथमिक वन उपज सहकारी समिति बालोद के अध्यक्ष लोचन सिन्हा, टेकापार कुशल मंडावी, लोहारा नेतराम भांडेकर, घोटिया लीलाराम टेकाम, बड़भूम एवं गुरुर सहकारी समिति की अध्यक्ष हीराबाई गंगबेर, सरिता साहू, चौतराम गांवरे डौंडी, युवराज सिंह गैंजी, थानसिंह मंडावी रेंगाडबरी, चतुर सिंह तारम भरऍटोला, अमोलीराम लोहारटोला, सालिक राम, रोहित भास्कर, भाना बाई, लता बाई मंडावी, कमलेश्वरी मंडावी, हेमिन बाई, केशव राम साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने उपाध्यक्ष शर्मा को विभिन्न मांगों से अवगत कराया और उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष ने सभी बिंदुओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सहकारी समितियों के अध्यक्षों ने बताया कि इमली और पलाश दोनों ही जिले में महत्वपूर्ण लघु वनोपज हैं, जो स्थानीय और जनजातीय समुदायों की आजीविका का एक प्रमुख स्त्रोत हो सकता हैं। संग्राहकों को वनोपज का उचित प्रतिफल सुनिश्चित करने के लिए लघु वनोपज मूल्य संवर्धन इकाई शुरू करने का सुझाव भी दिया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि, जिले के बड़भूम के आसपास क्षेत्रें में एक विपणन इकाई स्थापित की जा सकती है।

यज्ञदत्त शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार संग्राहक परिवार के विकास और जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। वनोपज संघ के माध्यम से शासन की अनेक योजनाएं और हितग्राहीमूलक कार्यक्रम ज़मीनी स्तर तक पहुंचते हैं। उन्होंने सभी अध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ करें तथा संग्राहक परिवार की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# चिटौद स्कूल में 33 विद्यार्थियों ने नवोदय प्रवेश परीक्षा दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परीक्षा का नाम सुनते ही अक्सर एक मानसिक दबाव सा अहसास होता है, इस स्थिति से उबरने के लिए विद्यार्थियों को भयमुक्त वातावरण में हर परीक्षाओं को अभी से उत्साहित होकर सामना करने में सहज बनाने शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में विविध प्रतियोगी परीक्षाओं में सहभागिता प्रदान की जा रही है। प्रतियोगी परीक्षा प्रभारी व कक्षा शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीबीएसईई पाठ्यक्रम पर आधारित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में इस विद्यालय के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत 13 बालक व 20 बालिकाओं सहित समस्त 33 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण परिवेश के सहज माहौल में पले बढ़े बच्चों के आत्मनिर्भर भविष्य निर्माण की आधारशिला है यह प्रतियोगी परीक्षा, विद्यालय स्तर के अलावा अतिरिक्त कक्षा संचालन व होम क्लास में इन बच्चों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही विगत माह भर से बच्चों को संकुल स्तर पर संचालित तीन चरणों की विशेष मॉक टेस्ट में शामिल कराने में स्थानीय शिक्षक के साथ–साथ गांव के नागरिक व जितेन्द्र कुमार साहू की भूमिका सराहनीय रही, संस्था प्रमुख मोहनी चंद्राकर, शिक्षक परिवार में निशा बघेल, शुची साहू, लिकेश्वरी मार्कण्डेय, बच्चों के पालकों, विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, ग्राम विकास समिति कार्यकारिणी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

# तिरगा में हुआ कृषक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- किसानों को कृषि की गुणवत्ता सुधारने और उत्पादकता बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय बताया गया

ग्राम पंचायत तिरगा में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग दुर्ग द्वारा दो दिवसीय कृषक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र विभागीय प्रशिक्षक उमेश पटेल ने ग्राम के किसानों को कृषि की गुणवत्ता में सुधार के लिए मिट्टी के नमूने लेने की विधि, मृदा कार्ड के लाभ, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, तथा फसल की उत्पादकता बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मृदा परीक्षण का महत्व, जैविक खाद के लाभों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र उमेश पटेल जैविक कृषि, वर्मी कम्पोस्ट एवं मृदा जीवांश बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख, उपसरपंच सुखित राम, कृषि विभाग बेहरा, राठौर जी, पं. सचिव सूर्यकांत, पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, पंच टिकेश्वर दिल्लीवार, कुलेश्वरी देशमुख, किसान मित्र ओमकार बघेल तथा किसान संतराम, नरसिंह, बिसौहा राम, गैंदलाल देशमुख, लक्ष्मण ठाकुर, उमेंद सिंह, द्वारिका प्रसाद, महेंद्र निषाद, समय लाल, खुमान सिंह सहित कई किसान उपस्थित थे। राज्य आजीविका मिशन से ऊर्मिला, ललिता देशमुख और जागृति यादव उपस्थित थे। सरपंच घसिया राम देशमुख ने कहा कि शासन के इस प्रशिक्षण से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी मिलती है, जिससे वे उन्नत और समृद्ध बनने के साथ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को वैज्ञानिक खेती की दिशा में प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

# किसान संघ की मासिक बैठक में धान खरीदी और टोकन व्यवस्था पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- भारतीय किसान संघ ने उठाई धान खरीदी लिमिट बढ़ाने और गन्ना भुगतान की मांग

भारतीय किसान संघ जिला बालोद का मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में रखा गया। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई एवं प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमे धान खरीदी हेतु खरीदी का लिमिट बढ़ाने एवं टोकन व्यवस्था 70 प्रतिशत आनलाइन एवं 30 प्रतिशत आफलाइन के स्थान पर 70 प्रतिशत आफलाइन एवं 30 प्रतिशत आनलाइन टोकन की व्यवस्था करने। गन्ना कटाई हेतु पिकप वाहन में आने वाले मजदूरों को नही रोका जावे एवं गाड़ी के उपर किसी प्रकार की चालान की कार्यवाही न की जावे। मां दन्तेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना बालोद में गन्ना बेचने वाले किसानों को गन्ना बेचने के एक सप्ताह के भीतर गन्ना का भुगतान किया जावे इसके लिए शासन शक्कर कारखाना को धन उपलब्ध करावे। किसान संघ की बैठक में यह भी प्रस्ताव लिया गया कि प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में धान कि तौलाई 40 किलो 700 ग्राम से अधिक न कि जावे एवं सभी सोसायटियों में लिखित में चस्पा किया जावे। गांव में स्थित चांदा मुनारा को सीमांकन कर पुनः पक्का निर्माण प्रशासन के द्वारा किया जावे। इन प्रस्तावों को बैठक में पास कर ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को सौंपने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में किसान भोथीपार अध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला बालोद सांवत राम साहू, मंत्री भारतीय किसान संघ जिला बालोद चाणक्य यादव, उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला बालोद टिकम साहू, अध्यक्ष गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद डॉ तेज़ राम साहू, संरक्षक गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद छगन देशमुख, कुबेर दास मानिकपुरी, मनहरण साहू, जैविक प्रमुख रामनरायण सिन्हा, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ताम्रध्वज साहू, गुरुर जीवन लाल साहू, मंत्री भारतीय किसान संघ तहसील बालोद लक्ष्मी चंद धनकर, खेमलाल साहू, बाली कुमार साहू, भागवत चन्दवंशी, खुमु ठाकुर, सुरेश कुमार साहू, पुष्पेन्द्र नेताम, पोषण लाल, बाबू लाल साहू, सेवक राम, महेंद्र कुमार साहू, गोविंद सिंह साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

# टोकन की समस्या को लेकर आप पार्टी ने अर्जुन्दा में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही



आम आदमी पार्टी बालोद व गुण्डरदेही द्वारा शुक्रवार को अर्जुन्दा में किसानों को धान विक्रय में हो रही परेशानी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन आप नेता जसवंत सिन्हा के नेतृत्व एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से किसानों के टोकन समस्या को लेकर किया गया। जहां अर्जुन्दा क्षेत्र के सैकड़ो किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

धरना–प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आप नेता जसवंत सिन्हा ने कहा जब से भाजपा सत्ता में आई है। तब से वह आज तक सिर्फ किसानों के साथ नए नए नियम लाकर परेशान कर रही है, पहले सोसाइटी में खाद कि किल्लत रही किसान खाद के लिए भटकते रहे फिर बिजली बिल मे बेतहासा वृद्धि कर दी गई, अब धान विक्रय के लिए टोकन के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा। उन्होने आगे कहा कि जिस किसान के बदौलत आज भाजपा सत्ता में हैं। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, लोकसभा सचिव, जिलाउपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम पश्चात मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को धरना स्थल पर ज्ञापन सौंपा गया। इधर धरना–प्रदर्शन के एक दिन बाद 14 दिसंबर को शासन द्वारा टोकन ऐप को खोला गया है।

### बीएसपी ने 2028 में सरकार बनाने लिया संकल्प

**दुर्ग।** संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अम्बेडकर के 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जोन इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं विचार संगोष्ठी पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्टेट कॉर्डिनेटर बसपा छग लता गेडाम ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में 2028 में बसपा सरकार बनाना होगा। कार्यक्रम में जयप्रकाश बंजारे, दिलीप साहू, संतोष ध्रुव, दीपक चंद्राकर, बंटी चौरे, देवानंद कुंभकार, कृष्णा कोर्सेवाडा, संतु यादव, हीरालाल टंडन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चों का नेत्र परीक्षण कर बांटे चश्मा



**मड़ियाकट्टा शाला में नेत्र परीक्षण, मोबाइल-टीवी से दूर रहने की दी सलाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के तत्वाधान में विकासखण्ड डौण्डी लोहारा के अंतर्गत माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में स्कूली छात्र छात्रओं का नेत्र परीक्षण के पश्चात दृष्टिदोश छात्रे को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। सभी छात्र चश्मा प्राप्त कर प्रफूल्लित है, इस दौरान उपस्थित नेत्र चिकित्सा दल ने कहा आज के परिपेक्ष्य में छोटे बच्चो को खास कर 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को मोबाईल एवं टी.वी से दूर रखा जावे। ज्यादातर बच्चे अंधेरे में ज्यादा समय तक मोबाईल से अटैच रहते है जिससे आंखो में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है, ज्यादा समय तक मोबाईल इस्तमाल करने से आंखो की दृष्टि धीरे धीरे कम होती जाती है। इससे मायोपिया का खतरा बना रहता है, इन परिस्थितियो में सिर दर्द, धुंधलापन से बच्चे ग्रसित रहते है ज्यादा देर करने से दृष्टिहीनता बढ़ जाती है। इसलिए मिडिल स्तर के बच्चे का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान निःशुल्क किया जाता है। चिकित्सा दल ने बताया पूरे बालोद जिले में सभी माध्यमिक शालाओ का नेत्र परीक्षण किया जा चुका है तथा सभी छात्र छात्रओ को चश्मा निःशुल्क दिया जा रहा है। जिलाधीश दिव्या उमेश के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके के मार्गदर्शन में समस्त कार्यक्रम सुचारू रूप से किया जा रहा है। सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे सभी नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र स्तर पर कार्य संपादित कर रहे है। जिला चिकित्सालय में भी निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सुचारू रूप से चल रहा है।

# जिपं में उपसरपंचों का हुआ आवासीय प्रशिक्षण



**डौंडीलोहारा।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र द्वारा उपसरपंचों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में डौंडीलोहारा एवं गुंडरदेही विकासखंड के 20-20 उपसरपंचों ने भाग लिया। संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा में पंच एवं उपसरपंच की भूमिका तथा उनके अधिकार के संबंध में बताया गया। ग्राम पंचायत में वित्तीय प्रबंधन तथा कर निर्धारण, वसूली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के विषय विशेषज्ञ ने बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने प्रयास करने की बात कही। बाल विवाह कानूनन अपराध ही नहीं सामाजिक अभिशाप भी है। पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीपीडीपी ,योजना की जानकारी दी। ग्राम पंचायत गहिरा नवागांव के उपसरपंच नरेंद्र सहारे ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण उपयोगी एवं सार्थक रहा। जेवरतला रोड की उपसरपंच भुवनेश्वरी साहू ने कहा कि प्रशिक्षण में पंचायत का कार्य और जनता के प्रति जवाबदेही सीखने को मिली। प्रशिक्षण में मारींबंगला, किसना,नाहंदा, पीपरखार,रानीतराई, मनकी, संबलपुर के उप सरपंच पवन कुमार निषाद, मालती साहू, दुरपती साहू, देवलाबाई खरे, रविकुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष...

### नेशनल लोक...

माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसी तारतम्य में जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए बालोद जिले में कुल 25 खण्डपीठ का गठन किया गया। इस लोक अदालत में लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 62 हजार 518 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये थे, जिसमें 60 हजार 251 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में कुल 5 करोड़ 69 लाख 12 हजार 351 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और साथ ही बालोद बाजार के द्वारा अपने सामग्री के प्रचार–प्रसार हेतु स्टॉल लगाया गया तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में निर्मित नवीन मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया तथा समाज कल्याण विभाग की ओर से हितग्राहियों को ट्राईसिकल, श्रवणयंत्र वितरित किया गया एवं महिला बाल विकास की ओर से गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन भी किया गया।

### पुरानी रंजिश...

07:30 बजे के मध्य मैं अपने घर से सामने गली में निकला था, उसी समय पड़ोसी मनीष कुमार ठाकुर तथा उसके भाई टेकराम ठाकुर अपने घर के सामने से मेरी पत्नी भूमिका ऊर्फ सुशीला ठाकुर को गालियां दे रहे थे, तब मेरी पत्नी और मैं दोनो गाली गलौच करने से मना करने पर दोनो उत्तेजित होकर अपने हाथ में रखे डंडा से मेरी पत्नी को टेकराम ठाकुर ने सिर में पीठ, बाये हाथ के कोहनी तथा मनीष ठाकुर हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा मुझे बाये कंधा, सिर, दोनो हाथ के कोहनी, कमर में डंडा से मारपीट किये है, जिससे हम दोनों को चोटे आई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 11 जनवरी को सीटू का वार्षिक सम्मेलन

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई सीटू का तीन वार्षिक सामान्य सम्मेलन 11 जनवरी को होगा। यूनियन की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सम्मेलन में विस्तारित कार्यकारिणी समिति के सदस्य पदेन प्रतिनिधियों के रूप में भाग लेंगे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

12 लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष से प्रतिनिध मंडल ने मूल्य संवर्धन...



14 80 विद्यार्थियों ने दी नवोदय की परीक्षा






## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग पर टंगिए से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सामाजिक मिटिंग में पिता द्वारा कही गई बात बेटे को इतनी बुरी लगी की मिटिंग के बाद रात को घर पहुंचे पिता पर टंगिया से हमला कर दिया। जिसके बाद घायल पिता ने अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ठेमाबुजुर्ग निवासी गैंदू ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर के रात्रि गांव में ग्रामीण स्तर पर मीटिंग हो रहा था, मीटिंग में सम्मिलित होने के लिए मैं भी गया हुआ था, मीटिंग समाप्त के बाद घर गया, घर जाने के बाद रात्रि करीबन 10:30 बजे मेरा छोटा लडका तोमनदास के द्वारा बोला कि तुम बैठकर मीटिंग में पक्षपाती करते हो कहते हुए गाली गलौच कहते हुए टंगिया से मारपीट किया है, मारपीट से पिता के सिर के बांया तरफ कान के ऊपर चोट आकर खुन निकला है।

### ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत, युवक की मौत

**भिलाई।** ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत होने से एक्टिवा सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वार्ड 9 शीतला पारा भिलाई तीन निवासी अरमान यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। चरोदा स्थित मंदिर के पास गुरुवार देर रात ई-रिक्शा एक्टिवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक्टिवा सवार अरमान यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सुपेला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर है कि अरमान की उसकी तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी और वह एक बच्चा भी है। मृतक भिलाई तीन स्थित ज्वेलरी शॉप में काम करता था। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक व वाहन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**आयोजन : लोक अदालत से मिला शीघ्र न्याय, समय और धन दोनों की बचत**

# नेशनल लोक अदालत में 60 हजार 251 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला में आयोजित लोक अदालत में कुल 60 हजार 251 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। जिले में कुल 25 खण्डपीठ का गठन किया गया। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी अफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है।

इस सिलसिले में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### नेशनल लोक अदालत में दर्जनों प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया



**डौंडीलोहारा।** शनिवार को व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक शतप्रीत कौर छाबड़ा के न्यायालय, डौंडीलोहारा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक प्रकरणों, जमीन विवाद संबंधी मामलों, बैंक से जुड़े प्रकरणों, विद्युत विभाग, मोटर यान अधिनियम तथा जलकर से संबंधित मामलों का बड़े पैमाने पर निपटारा किया गया। अदालत की इस पहल से पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिला और समय व धन की भी बचत हुई। विशेष रूप से जमीन विवाद से जुड़े एक प्रकरण में भाई-बहन के मध्य लंबे समय से लंबित विवाद को आपसी सहमति से राजीनामा कराकर सुलझाया गया, जिससे दोनों पक्षों के बीच पुनः आपसी भाईचारा एवं सौहार्द स्थापित हुआ। यह लोक अदालत के उद्देश्यों की सजीव मिसाल रहा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के सफल निराकरण हेतु पक्षकारगण एवं अधिवक्तागणों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और सहयोग प्रदान किया। न्यायालय द्वारा किए गए इस प्रयास की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर न्याय व्यवस्था को सुलभ, सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## कमरौद के 14 खिलाड़ी राज्य स्तरीय नेटबॉल स्पर्धा के लिए हुए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के नेटबॉल खेल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद के 14 खिलाड़ियो का चयन हुआ। मुंगेली में आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में दिशान साहू, झुमुक लाल, चैतन्य, मोरध्वज, तुशार का चयन हुआ है। दुर्ग राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में अभिशेक साहू, गितिका ठाकुर और बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चितेश साहू, तुलेश्वर पिस्दा, लुकेश देशमुख, खिले"वर, कमलकांत, आरती सलाम और दुतुलेश्वरी का चयन हुआ है।

सभी चयनीत खिलाड़ियो को जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक स्वपन जेना, गुण्डरदेही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव, विकासखण्ड खेल अधिकारी टीआर साहू, विद्यालय के प्राचार्य बीआर साहू और ग्राम कमरौद के सरपंच सुंदरलाल देवदास ने हर्श व्यक्त की। यह जानकारी विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सजेश भोरकर ने दी।

## बोर का केबल वायर चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में खेत के बोर में लगे केबल वायर व अन्य सामानों की चोरी कर ली गई। जिसके बाद किसान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 326(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। वार्ड क्रमांक 18 शिकारीपारा बालोद निवासी अश्वनी कुमार निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि मेरा कास्तकारी जमीन ग्राम नेवारीकला में है, मैं अपने खेत के बोर को रूम बनाकर सुरक्षित किया हूं। मुझे 09 दिसंबर को शाम करीबन 04 बजे नेवारीकला खेत के बगल वाले किसान लखन साहू एवं दानू सोनकर फोन कर बताये कि आपके पम्प हाऊस का कुंदा टुटा है तथा दरवाजा खुला हुआ है, सामान अस्त– व्यस्त पड़ा है, तब मैं ग्राम नेवारीकला गया पम्प हाऊस का दरवाजा का कुंदा टुटा था और अंदर पम्प हाऊस का पुराना खराब केबल वायर लगभग 90 फीट रखा था उसे तथा बोर में लगे 60 फीट केबल वायर को काटकर पम्प हाऊस में ही वायर को जलाकर, जलने से निकले तांबे के तार को, तथा मुठ वाला पेंचिस को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। घटना 08–09 दिसंबर की दरम्यानी रात का है। पम्प हाऊस में केबल को जलाने से मोटर पम्प का स्टार्टर, मेन स्वीच जलकर पिघल कर खराब हो गया है। 03 नग ग्रीप काला हो गया है। घटना के संबंध मैं अपने खेत के आस पास वालों से बात किया तो ब्रीजलाल साहू, खेमलाल साहू, संतोष सोनकर ने बताये कि इन लोगो के यहां से भी कुछ सामान चोरी गया है। जिसके संबंध में उनके द्वारा बताया जा सकता है किन्तु मेरे मोटर पम्प हाऊस से केबल वायर और पेन्चिस को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

## बाबा मोहदीपाठ प्रांगण में रामकथा आयोजित



**बालोद/निकुम।** बाबा मोहदीपाठ प्रांगण में राम नाम संकीर्तन के श्रीमुख से रामकथा कामता प्रसाद के द्वारा मानस गंगा बह रह रही है। जिसमें शिक्षक वीरेंद्र गात्रे द्वारा धर्म के प्रचार हेतु धार्मिक आयोजन हो रहा है। जिसमें कथा वाचक कामता प्रसाद ने कहा ने कहा रामचरितमानस की एक–एक शब्द अमृत के समान है, जो कि जीव को शिव तक पहुंचा सकती है, जीवन की सभी मनोकामना की कुंजी रामचरित मानस है, माता पिता, भाई, परिवार, प्रेम, त्याग, तपस्या से हरि नाम की महिमा मिलती है। वही 14 दिसम्बर रविवार को कथा अंतिम होगी।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पक्षो में पुरानी रंजीश को लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम बघेली निवासी मनीष कुमार ठाकर ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर को शाम करीबन 07.30 बजे मैं अपने घर में था, मैं अपने गाय बैला को चारा पानी दे रहा था, उसी समय पड़ोसी छत्रपाल सिवना और उसकी पत्नी भूमिका सिवना दोनो मेरे घर के सामने गली में आकर मेरे नाम लेकर मुझे पुरानी बातो को लेकर गालियां देकर मारने की धमकी दे रहे थे, मैं मेरे घर से बाहर गली में निकलकर देखा तो छत्रपाल सिवना व उसकी पत्नी भूमिका दोनो खडे थे और मुझे पुनः गालियां देते हुए अपने अपने पास में रखे लकड़ी के डंडा से अचानक मेरे सिर में मारपीट किये, जिससे मेरे सिर के पीछे एवं माथा में चोट लगकर खुन निकला, उसी समय मेरे बडे भाई टेकराम ठाकुर काम कर वापस घर सामने गली में पहुंचे थे, मेरे बडा भाई बीच बचाव करने आये तो उसे भी दोनो उसके सिर में डंडा से मारपीट किये, मारपीट करने से उसके सिर में चोट लगकर खुन निकला है। पीडिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बघेली निवासी छत्रपाल सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर को मैं शाम करीबन 07 से ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिले के ग्राम कुरदी में तहसील साहू संघ अर्जुन्दा एवं परिक्षेत्रीय अर्जुन्दा के सामाजिक पदाधिकारियो के शपथ ग्रहण एवं पूर्व पदाधिकारियों की बिदाई सम्मान हुआ।

जिसमें कर्मा साहू सदन कुरदी आयोजन में संत समागम में अनिल साहेब बलौदा बाजार ने सद्गुरु कबीर साहेब के अमृत वचनों को सुनाए, समाज की दशा व दिशा सुधार कर स्वच्छ व स्वस्थ समाज कैसे बनाए।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष संघ छत्तीसगढ़ डॉ निरेंद्र साहू थे। अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद महेंद्र साहू ने किया। विशिष्ट तिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू, प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ सलाहकार पवन साहू, डॉ सुनील साहू, चेयरमेन छत्तीसगढ़ रेसक्रॉस सोसाइटी समिति तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, सोमन साहू, क्रांति भूषणसाहू, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू थे। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डा.निरेंद्र साहू ने सभी को पद की शपथ दिलाया, उन्होने कहा कि समाज को संगठित कर उसे नई दिशा देने की जिम्मेदारी समाज के पदाधिकारियों की है। साहू समाज की एकजुटता, कर्मठता और सौहाद्र ही इसकी असली ताकत है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज के लोग हर क्षेत्र में सक्रीय भूमिका निभा रहे हैं और अपने आचरण और व्यवहार से सभी समाजों के साथ सद्भाव बनाए रखते हैं। तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने कहा कि साहू समाज के लोग हर क्षेत्र में सक्रीय भूमिका निभा रहे हैं और अपने आचरण और व्यवहार से सभी समाजों के साथ सद्भाव बनाए रखते हैं। मंच संचालन चुकेशवर साहू ने किया, साहू समाज एक बेहतर पहल करते हुए साहू समाज में प्लास्टिक मुक्त करने हेतु सभी के लिए स्टील थाली व गिलास की व्यस्था कर हर गांव में इस पहल पर जोर दिया।



## खबर संक्षेप

### ब्लॉक मनरेगा मेट संघ का त्रिवार्षिक चुनाव 28 को

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा का त्रिवार्षिक चुनाव आगामी 28 दिसंबर, रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह चुनाव दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे से संपन्न होगा। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी कीर्तन देवांगन के सानिध्य में संपन्न होगी। संघ में कुल 07 पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा, जिनमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सह-सचिव एवं एक कोषाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। चुनाव हेतु नामांकन एवं दावेदारी प्रपत्र 28 दिसंबर को ही सुबह 11 बजे से बैठक स्थल पर प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्धारित पदों के लिए नामांकन शुल्क जमा करना अनिवार्य रखा गया है। संघ द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चुनाव प्रक्रिया कोई तात्कालिक निर्णय नहीं है, बल्कि इस संबंध में चर्चा पिछले दो माह से चल रही थी तथा इसकी घोषणा पूर्व की मासिक बैठक में भी की जा चुकी है।

### मोहलई में आगामी मेला की तैयारियों पर बैठक आज

**बालोद/कुर्दी।** ग्राम मोंहलाई में आगामी मेला 2026 की तैयारी एवं पाम्पलेट व दानबुक वितरण के संबंध मे 14 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सद्गुरु श्री कबीर घाट धर्मानुरागी समिति मोहलई जिला बालोद के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी तुकेश्वर साहू पप्पू ने दी।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 को

**लाटाबोड़।** नवयुवा स्टार क्रिकेट क्लब ग्राम बेलमांड के तत्वाधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर को रखा गया है। ग्रामीण लेमन लेंडिया ने बताया जिसमें प्रथम पुरस्कार 10,001 रु द्वितीय पुरस्कार 7,001 रु तृतीय पुरस्कार 5,001 रूपए के साथ प्रवेश शुल्क 601 रूपए रखा है

**सम्मान :** विद्यालय में अग्निवीरों का सम्मान, विद्यार्थियों को मिला अनुशासन और समर्पण का संदेश

# ग्राम खुंदनी के चार युवाओं का अग्निवीर में चयन, हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम खुंदनी के चार होनहार युवक अग्निवीर के पद पर चयनित होकर सात माह की प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपने गृह ग्राम खुंदनी आए। जिसे सुरक्षित शनिवार बैगलेस दिवस पर उन्हें शाला में आमंत्रित कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के प्रधान पाठक सारिका चौधरी ने कहा की जवानों का जीवन त्याग एवं समर्पण का होता है, इसी के बदौलत हम सब देशवासी पूरे हर्ष और उल्लास के साथ सभी त्योहारों एवं पर्वों को शांतिपूर्वक माहौल में मना पाते हैं, देश को हमारे वीरों पर गर्व है और गर्व करता रहेगा।

इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी के प्रधान पाठक एवं भूतपूर्व सैनिक भीम सिंह साहू ने कहा की सैनिकों को हर पल अनुशासन में रहकर कार्य करना पड़ता है, उन्होंने कहा की हमें कोई भी कार्य दृढ़ संकल्पित होकर ही करना चाहिए तभी हम अपने उद्देश्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने कहा कहते हैं कि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत खुंदनी सरपंच विशाल दीवान का शाला परिसर में आगमन हुआ। सरपंच ने कहा की आप सबको चरामेति –चरामेति की उक्ति का पालन करते हुए हमेशा अपने जीवन में उन्नति की ओर अग्रसर रहें।

शिक्षक एवं संकुल समन्वयक हेमलाल पटेल ने कहा की सैनिक विनय कुमार हिरवानी पिता जीवित राम हिरवानी अपने विद्याथऍ जीवन में पढ़ाई में हमेशा अग्रसर रहते थे एवं अनुशासन का पालन करते थे। वे हमेशा खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे और सभी कार्य ईमानदारी के साथ करते थे। इसी का परिणाम है कि आज विनय कुमार हिरवानी इस पद पर शोभित हुए हैं। यह इनके ईमानदारी एवं कार्य के प्रति निष्ठा का परिणाम है। इसी तरह सभी विद्यार्थियों को भी अपने विद्याथऍ जीवन में अनुशासन में रहकर पढ़ाई करना चाहिए एवं गुरुजनों एवं माता–पिता तथा अपने से वरिष्ठ व्यक्ति के आज्ञा का पालन करना चाहिए तभी हमारे सपने साकार हो सकते हैं। उन्होने कहा सपने वह नहीं होते जो सोने पर आते हैं बल्कि सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते, किसी को सफलता रातों–रात नहीं मिलती इसके पीछे कई वर्षों की कड़ी मेहनत छुपी रहती है।



### सफलता का श्रेय अपने माता–पिता व गुरुजनों को दिया

अंत में जवान विनय कुमार हिरवानी को मंच पर आमंत्रित किया गया और उन्होने अपने सफलता के बीच की गई परिश्रम तथा सफलता कैसे प्राप्त की इसकी कहानी अपनी जुबानी सुनाई। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता एवं गुरुजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को देते हुए कहा कि मैं इन सबके आशीर्वाद के फल स्वरुप इसे प्राप्त करने में समर्थ रहा। विनय ने अपने पूरे 14 मिनट के सफलता की कहानी अपनी जुबानी मे अनुशासन पर ज्यादा जोर देते हुए कहा कि हमें विद्यार्थी जीवन में अपने गुरु जनों, माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उनके आज्ञा का पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने शरीर को तंदुरुस्त रखने चाहिए जिसके लिए हमें शारीरिक गतिविधियां खेल, योग व्यायाम करते रहना चाहिए। अंत में वरिष्ठ शिक्षक नारद राम साहू एवं शिक्षिका प्रीतीमाला नेताम, सहायक शिक्षक लोकेश कुमार धुर्वे एवं सभी रसोइयों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीष प्रदान किये।

# 80 विद्यार्थियों ने दी नवोदय की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

नवोदय परीक्षा में पुरूर व जगतरा संकुल के 80 बच्चे सम्मिलित हुए। विकासखंड गुरूर में दो संकुलों जगतरा तथा पुरूर को मिलाकर पहली बार मुख्य परीक्षा के पहले तीन चरणों में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद, चंदनबिरही, पुरूर, आनंदपुर, मुड़खुसरा, बोरिदकला, आमापानी, नैकुरा, सोंहतरा, जगतरा के पांचवीं अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया था।

■ मुख्य परीक्षा से पहले तीन चरणों में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया

इस पहल की प्रशंसा करते हुए गुरूर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित चंद्राकर ने कहा कि ऐसा आयोजन निश्चित रूप से ही बच्चों की योग्यता वृद्धि में मददगार साबित होगी। इसके लिए परीक्षा संचालन के नेतृत्वकर्ता संकुल समन्वयक दिलीप कुमार साहू सहित समस्त सहयोगी शिक्षकगणों ईश्वरी कुमार सिन्हा, धनेश राम भोजवानी, श्यामलाल साहू, योगेश कुमार ठाकुर, गणेश राम गायकवाड़, माधो राम साहू आदि को बधाई प्रेषित किया।

नवोदय परीक्षा हेतु विशेष पहल मॉक टेस्ट के तीसरे चरण में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर के नवपदस्थ प्राचार्य बीआर.ठाकुर तथा पूर्व प्रभारी प्राचार्य विद्याभूषण साहू ने बच्चों को अपने बेहतर भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आयोजक शिक्षक समूह की इस प्रेरक पहल के लिए सराहना करते हुए कहा कि लगातार मेहनत करते रहने से सफल होने की संभावना बढ़ जाती है।

# कुष्ठ रोग की समय पर पहचान और इलाज पर जोर, स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला स्तरीय 5 एवं 6 दिसंबर को कुष्ठ खोज जांच अभियान हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी विकासखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य को राज्य स्तर से आए प्रशिक्षण अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुंडू तथा सीआर साहा द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशासन के आदेशानुसार व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जेएल उईके के निर्देशन में एवं जिला कुष्ठ नोडल अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे द्वारा कुष्ठ खोज जांच अभियान की गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया कि कुष्ठ एक जीवाणु जनित रोग है, यह रोग सभी व्यक्तियों में नहीं होता इनके जीवाणु के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी वाले व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है।



डॉक्टर जीआर रावटे ने बताया यह धीमी गति से फैलने वाली बीमारी है, इनके शुरुआती लक्षण चमड़ी पर तेलिया, तामीया, बदरंगे दाग, शून्यपन, सामान्य शब्दों में कहे तो ऐसे दाग जिसमें न खुजली होती है न ही पसीना आता है, दाग वाले हिस्से के बाल झड़ जाते है तथा दाग वाले हिस्से में सूनापन आ जाता है, ऐसे दाग कुष्ठ के स्पष्ट लक्षण होते है, इसके अतिरिक्त भौहों के बाल झड़ जाना, आंखों का बंद न होना, आंखों से पसीना आना, आंखे लाल हो जाना, शरीर में गांठें उभर जाना, कानों में दर्द भरी गांठें हो जाना, पैरों में बिन दर्द के अल्सर होना, पांव का झूल जाना, उंगलियों का मूड जाना ये सब भी कुष्ठ के प्रमुख लक्षण है।डॉक्टर जीआर रावटे ने बताया वर्तमान में बालोद जिले में कुष्ठ के पूरे उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले को कुष्ठ मुक्त बनाए जा सके, अभियान के दौरान जिले के स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों, मितानिनों तथा मितानिन प्रशिक्षकों द्वारा जिले के समस्त ग्रामों में घर घर जाकर कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की जांच की जा रही है ताकि कुष्ठ के रोग को समय रहते पहचान कर उनका इलाज एमडीटी से किया जा सके।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

# विधायक सिन्हा ने दर्रा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण, किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा ने सेवा सहकारी समिति दर्रा धान खरीदी केंद्र पहुंची। संगीता सिन्हा ने किसानों से रूबरू होकर धान विक्रय के संबंध में चर्चा की और धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू उपस्थित थे। उन्होंने दोपहर अचानक दर्रा धान उपार्जन केंद्र पर पहुंचकर पूरी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने धान के भंडारण की स्थिति, नमी मापन की प्रक्रिया, बारदाना की उपलब्धता और टोकन प्रदाय की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। विधायक सीधे किसानों के बीच पहुंचे और किसानों की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ऑफलाइन टोकन में मनमानी करने की किसान शिकायत कर इस गंभीर समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए डीएमओ से फोन में बात कर कार्यवाही का मांग किया गया है, उन्होने कहा धान खरीदी केंद्रों में किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मापी यंत्र से धान की बोरी की बजन कि जांच कारवाई और किसानों से निर्धारित वजन अनुसार खरीदी के निर्देश दिए। इस अवसर पर महामंत्री सादिक अली, सरपंच पूजा ठाकुर, सेक्टर प्रभारी सोमनाथ साहू, निगरानी समिति से ऐस कुमार कलिहारी, पूर्व सभापति डॉक्टर झूमक साहू, खेम लाल नागवंशी, भोजू सिन्हा, सुफल सोनभद्र, द्वारिका साहू, भूपत साहू, किरण साहू, पोख राज साहू, जस कुमार ओटी, देवव्रत साहू, दौलत साहू, शिवनारायण निर्मलकर, अश्वनी राम, सुखदास चतुर्वेदी सहित किसान उपस्थित थे।



# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारी पारा में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि पेंशनर हरिश्चंद्र पटेल थे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य आरके वर्मा, सेवानिवृत्ति व्याख्याता सीआर साहू एवं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक थनवार सिंह साहू थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात नए पेंशनरो एवं अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 80 वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान समारोह का आयोजन वर्ष के प्रथम माह के प्रथम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया। छग़. पेंशनधारी कल्याण संघ का प्रांतीय अधिवेशन बलौदा बाजार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बालोद जिला से लगभग 25 पेंशनरों ने जाने के लिए सहमति प्रदान की। अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पेंशनर्स अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अतिथियों ने संगठन के विस्तार के लिए सुझाव दिए। जिसका पालन करने का आश्वसन अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा ने दिया। आभार प्रदर्शन संघ के उपाध्यक्ष बीआर साहू ने किया। बैठक में पुरुषोत्तम देशमुख, बीआर बेलसर, आरके साहू, जितेंद्र आर्य, दयाराम वैद्य, बीआर साहू, केएल कौशिक, टीकम सिंह देशमुख, सुरेंद्र ताम्रकार, मोहनलाल साहू, आरपी वर्मा, यूएस ठाकुर, मया राम पंत, पन्नालाल साहू, बीआर भूआर्य, विष्णु प्रसाद नेताम अमर कुमार साहू, गोविंद राम साहू, कालूराम साहू, मोहनलाल धनकर, दिलेश्वर देवांगन, केआर नेताम, लखन प्रसाद तिवारी, घासी राम दीपक, दयालु राम यादव, रामेश्वर लाल यादव, डीडी साहू, किरण सिन्हा, सावित्रीबाई, गोदावरी बाई, पुष्पा कलिहारी, फूलबाई, व अन्य पेंशनर उपस्थित थे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
● सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
● मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)

• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:–7354 411411

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि